# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–12 जनवरी 2025 सान्ध्य समाचार

स्वामी विवेकानंद की जयंती आज राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में पूरे देश में मनायी जा रही है। इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। जगह–जगह गोष्ठी और कई अन्य जागरूकता कार्यक्रमों के जरिए युवाओं को सर्वोच्च प्रदर्शन के लिये प्रेरित किया जा रहा है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, नई दिल्ली में विकसित भारत युवा नेता संवाद दो हजार पचीस में शामिल हुए। उन्होंने प्रदर्शनी का दौरा किया और कुछ युवाओं से संवाद भी किया, जिन्होंने प्रधानमंत्री के समक्ष विकसित भारत के बारे में अपने–अपने लक्ष्य प्रस्तुत किये। प्रधानमंत्री ने युवाओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि–

***दुनिया की कितनी ही बढ़ी कंपनियां को भारत के युवा ही चला रहे हैं। भारतीय युवाओं के सामर्थ की पूरी दुनिया मुरिद है। हमारे सामने पचीस साल का गोल्डेन पीरियड है अमृतकाल है और मैं पूरी तरह से आत्मविश्वास से भरा हूं भारत की युवा शक्ति विकसित भारत का सपना जरूर साकार करेगीं।***

वहीं, आगरा में डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय द्वारा खंदारी स्थित स्वामी विवेकानंद परिसर में स्थापित स्वामी विवेकानंद की विशाल प्रतिमा का राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने वर्चुअली अनावरण किया। अमरोहा के जे एस हिन्दू डिग्री कॉलेज में भाषण, पेटिंग और निबंध प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इसी तरह लखनऊ, कानपुर, झांसी, अयोध्या, बरेली, मुरादाबार सहित कई अन्य जनपदों में भी युवा दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किये गये।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गोरखपुर के सरस्वती शिशु मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा का अनावरण करने के साथ ही विद्यालय के पूर्व छात्रों के सम्मेलन को भी सम्बोधित किया। श्री योगी ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने वैश्विक पटल पर सनातन वैदिक संस्कृति को प्रभावी ढंग से प्रतिष्ठित किया। उन्होंने अपने विचारों और आचरण की साम्यता से राष्ट्र के प्रति चेतना जागृत करने की बड़ी भूमिका निभाई है।

**स्वामी विवेकानन्द की जब हम चर्चा करते है आज तो हर व्यक्ति उन्हें राष्ट्रीय सन्यासी के रूप में मान्यता दे रहा है। लेकिन एक समय ऐसा भी था जब सरस्वती शिशु मंदिर के अलावा और राष्ट्रीय स्वंय सेवक संघ के अलावा स्वामी विवेकानन्द का स्मरण कोई अन्य संगठन नही करता था क्योकि स्वामी विवेकानन्द के उद्घोष जो राष्ट्रीयता की चेतना जागृत करने में जिनकी बहुत महत्वपूर्ण भूमिका थी**

इससे पूर्व मुख्यमंत्री ने महानगर के नेताजी सुभाष चन्द्र बोस कॉलोनी में नगर निगम की ओर से एक करोड़ बहत्तर लाख रूपये की लागत से विकसित किये जा रहे भारत रत्न नानजी देशमुख पार्क के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री आज देर शाम तीन दिवसीय गोरखपुर महोत्सव के समापन समारोह में भी शामिल होंगे। वह महोत्सव के दौरान हुयी खेलकूद प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बेहतरीन प्रस्तुति देने वाले कलाकारों को पुरस्कृत एवं सम्मानित भी करेंगे।

**********

कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच आस्था और मानवता के सबसे बड़े संगम महाकुंभ की कल से प्रयागराज में शुरूआत होगी। श्रद्धालुओं के स्नान, उनके निवास और विभिन्न जिलों से प्रयागराज पहुंचने के लिये सरकार ने व्यापक प्रबंध किये हैं। सभी जिलों से बसें चलायी जा रहीं हैं तो वहीं रेलवे प्रशासन प्रयागराज के लिये कई नई ट्रेनों के संचालन कर रहा है। वायु सेवाओं का भी विस्तार किया गया है। आज शाम संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने संगम की रेती पर कलाग्राम का उद्घाटन किया। कला ग्राम, कला संस्कृति और विरासत का अनूठा संगम है, इसे प्रयागराज के नाग वासिकी क्षेत्र में दस एकड़ भूमि में तैयार किया गया है।

**********

प्रदेश में आज सुबह से ही मौसम का मिजाज बदल गया है। दो दिनों तक खिली धूप के बाद कई जिलों में रूक–रूक कर वर्षा हो रही है। लखनऊ में सुबह से बूंदाबादी जारी है तो दोपहर बाद गोरखपुर, देवरिया, संतकबीरनगर जौनपुर, अयोध्या, फर्रुखाबाद, कौशाम्बी आदि जिलों में तेज हवाओं के साथ बूंदाबांदी शुरू हुयी। लखनऊ स्थित आंचलिक मौसम विज्ञान केन्द्र के मुताबिक लखनऊ, बांदा, हमीरपुर, फतेहपुर, जालौन, रायबरेली, कानपुर, झांसी, इटावा, मैनपुरी, एटा, कासगंज सहित कई जिलों में रह–रह कर बूंदाबांदी का दौर जारी रहने की सम्भावना है।

**********